पत्र संख्या-स्था-1-चल-अचल सम्पत्ति / 2013-14/ 11 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 02 अपैल,2014

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर , उत्तर प्रदेश।

समस्त असिस्टेन्ट कमिश्नर(सत्यापन)वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

समस्त सांख्यकीय / अपर सांख्यकीय अधिकारी वाणिज्य कर उ0प्र0

समस्त वाणिज्य कर अधिकारी (सत्यापन) उत्तर प्रदेश।

<u>मुख्यालय पर तैनात समस्त अधिकारियों को।</u>

कृपया शासन के पत्र संख्या-क0नि0-1-3732/11-2000-124/2000 दिनांक 26-9-2000 तथा तत्क्रम में इस कार्यालय के पृष्ठांकन पत्र संख्या-स्था-1-चल/अचल सम्पत्ति का विवरण 2000-2001/1872 दिनांक 09-10-2000 का संदर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वाणिज्य कर विभाग के अन्तर्गत कार्यरत समस्त कर्मचारियों / अधिकारियों को चल / अचल सम्पत्ति की घोषणा प्रत्येक 05 वर्ष के अन्तराल के स्थान पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रस्तुत करने के निर्देश निर्गत किये गये थे।

2- अत: उपरोक्त के सन्दर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2013-2014 से संबंधित अपना चल/अचल सम्पत्ति का विवरण इस परिपत्र के साथ संलग्न प्रारुप में दि0 30-04-2014 तक अपने जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर को अवश्य उपलब्ध करा दें। जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर अपने अधीनस्थ अधिकारियों से प्राप्त सम्पत्ति विवरण स्वयं के विवरण सहित दिनांक 15-5-2014 तक अनिवार्य रुप से मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

3- उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि समस्त अधिकारी 2013-14 के अपने वार्षिक कार्य-विवरण के प्रारुप में यथा स्थान सम्पत्ति विवरण प्रेषित किये जाने विषयक पत्र संख्या व तिथि का उल्लेख करते हुए उसकी एक प्रति भी साथ में संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे प्रतिवेदक / समीक्षक अधिकारी का यह दायित्व होगा कि अधीनस्थ अधिकारियों से सम्पत्ति का विवरण प्राप्त करके वार्षिक मन्तव्य के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे तथा सम्बन्धित जोनल एडीशनल कमिश्नर इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रेषित करेंगे कि उनके अधीनस्थ समस्त अधिकारियों से चल अचल सम्पत्ति के विवरण प्राप्त हो गये है।

उक्त परिपत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

<u>संलग्नक :-उक्त।</u>

(विनोद कुमार सिंह)

ज्वाइन्ट कमिश्नर,(स्थापना)वाणिज्य कर,

मुख्यालय लखनऊ।

चल / अचल सम्पत्ति का विवरण वित्तीय वर्ष 2013-14

घोषणा पत्र का प्रारुप

(नियम-24)

(क)

(उन व्यक्तियों के लिये जो किसी अचल सम्पत्ति के स्वामी न हो)

मै एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरे पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है। यदि उसके पश्चात मै कोई अचल सम्पत्ति अर्जित करुँगा तो मैं संबंधित अवधि की वार्षिक योजना में उस तथ्य को घोषित करुँगा।

हस्ताक्षर..

पूरा नाम ....

पूरा पदनाम ....

दिनांक ....

(ख)

(उन व्यक्तियों के लिए जो अचल सम्पत्ति के स्वामी है)

मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरे पास निम्नलिखित अचल सम्पत्ति है :-

भू-सम्पत्ति

भूमि जिस जिले में है	गॉव/तहसील	क्षेत्रफल एकड़ में	अर्जित या पैतृक यदि हो तो अर्जित करने का दिनांक	वार्षिक राजस्व	अनुमानित मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7

....

गृह-सम्पत्ति

क्र0सं0	गृह, ग्राम, कस्बा या नगर	पो0 स्थित जिला	गृह की संख्या	भवन अर्जित या पैतृक है तो अर्जित करने का दिनांक	भवन स्वयं के प्रयोजन के लिए / काम में आता है अथवा किराये पर दिया गया है	वार्षिक किराया	अनुमानित मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9

....

यदि मै भविष्य में और अचल सम्पत्ति अर्जित करुगा तो संबंधित अवधि को वार्षिक योजना में तथ्य की घोषणा करुँगा।

हस्ताक्षर..

पूरा नाम ....

पूरा पदनाम ....

दिनांक ....

<u>अवशेष अचल सम्पत्ति में बंधक या पटटे पर रखे गये गृह या भू-सम्पत्ति भी सम्मिलित है।</u>

किसी भी अधिकारी की पत्नी या उनके परिवार के अन्य व्यक्ति द्वारा जो सम्मिलित परिवार में हो या साथ रहता हो, या किसी प्रकार उस पर आश्रित हो, रखी गयी या उसकी ओर से अर्जित की जानेवाली सम्पत्ति इस घोषणा के प्रयोजनार्थ अधिकारी द्वारा स्वयं रखी गयी तथा उसके द्वारा की गयी समझी जायेगी।

(ग)

उन लोगों के लिए जिनके अंश या विनिधान नहीं है में एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मै किसी अंश या किसी अन्य विनिधान (स्वामी नहीं हूँ) इसके पश्चात यदि मै कोई अंश अर्जित करता हूँ तो मै संबंधित अवधि के लिए पंचवर्षीय योजना में उस तथ्य को घोषित करुंगा।

हस्ताक्षर...
पूरा नाम ....
पूरा पदनाम ....
दिनांक ....

उन व्यक्तियों के लिए जो अंशों के स्वामी हो या जिनके अन्य विनिधान हो। मै एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरे निम्नलिखित अंश एवं विनिधान है :-

<u>अंश</u>

क्र0सं0	विवरण	अर्जित करने का दिनांक	प्रत्येक अंश का मूल्य	अशों की संख्या	अंशों का कुल मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7

<u>विनिधान</u>

क्र0सं0	विवरण	विनिधान करने का दिनांक	मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5

यदि मै और अंश अर्जित करता हूँ या अन्य विनिधान करता हूँ तो मै संबंधित अवधि के लिए वार्षिक योजना में उस तथ्य को घोषित करुंगा।

हस्ताक्षर...
पूरा नाम ....
पूरा पदनाम ....
दिनांक ....